भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4072

25 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: बिहार में हरी सब्जियों का उत्पादन

4072. डॉ. आलोक कुमार सुमन:

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बिहार में हरी सब्जियों के उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि हुई है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने किसानों की वित्तीय क्षमता में सुधार करने के लिए प्याज, आलू, करेला, पालक, शिमला मिर्च आदि हरी सब्जियों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कोई उपाय शुरू किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) बिहार राज्य को हरी सब्जियों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए दिए गए वित्तीय अनुदान का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क): जी हाँ । बिहार में सब्जियों का उत्पादन वर्ष 2014-15 में 144.24 लाख मीट्रिक टन से लगभग 25% बढ़कर 2024-25 (प्रथम अग्रिम अनुमान) में 179.87 लाख मीट्रिक टन हो गया है । ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ख): समेकित बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच), एक केन्द्र प्रायोजित योजना है, जिसे वर्ष 2014-15 से सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में फलों, सब्जियों, कंद और मूल फसलों, मशरूम, मसालों, फूलों, सुगंधित पौधों, नारियल, काजू, कोको और बांस को शामिल करते हुए बागवानी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कार्यान्वित किया जा रहा है। मिशन में विभिन्न हस्तक्षेपों के माध्यम से सब्जियों सहित बागवानी फसलों के उत्पादन और उत्पादकता में सुधार की परिकल्पना की गई है। रोपण सामग्री का उत्पादन, उन्नत किस्मों के साथ क्षेत्र का कवरेज, पुराने बागों का पुनरुद्धार, संरक्षित खेती, जल संसाधनों का निर्माण, एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम), एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन (आईएनएम), जैविक खेती को अपनाना, जैविक इनपुट के इन सीटू उत्पादन सहित जैविक खेती जैसी गतिविधियाँ एमआईडीएच के तहत की जाती हैं। किसानों और तकनीशियनों की क्षमता निर्माण के लिए बेहतर तकनीक अपनाने की व्यवस्था भी की गई है। इस योजना में किसानों के लिए फसल की बेहतर कीमत प्राप्ति के लिए फसलोपरान्त प्रबंधन (पीएचएम) और विपणन की भी परिकल्पना की गई है।

एमआईडीएच के अंतर्गत, सार्वजनिक क्षेत्र के लिए सब्जियों के बीज उत्पादन के लिए ऑपन पोलीनेटेड क्रॉप्स के लिए अधिकतम लागत 50,000 रुपये प्रति हेक्टेयर तथा हाईब्रीड सीडस के लिए 1.80 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से 100% सहायता प्रदान की जाती है। निजी क्षेत्र के मामले में, सामान्य क्षेत्रों में अधिकतम लागत का 35% और पूर्वोत्तर एवं हिमालयी राज्यों, जनजातीय उपयोजना (टीएसपी) क्षेत्रों, अंडमान एवं निकोबार तथा लक्षद्वीप द्वीपसमूह में 50% सहायता प्रदान की जाती है।

एमआईडीएच के अंतर्गत, सामान्य क्षेत्रों में प्रति लाभार्थी अधिकतम 2 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए 60,000 रुपये प्रति हेक्टेयर की अधिकतम लागत पर 40% की दर से हाईब्रीड सब्जियों के क्षेत्र विस्तार के लिए सहायता प्रदान की जाती है और पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों, जनजातीय उपयोजना क्षेत्रों, अंडमान और निकोबार तथा लक्षद्वीप द्वीप समूह के मामले में, सहायता अधिकतम लागत का 50% है। ऑपन पोलीइनेटेड में प्याज और लहसुन के क्षेत्र विस्तार के लिए भी सामान्य क्षेत्रों में प्रति लाभार्थी अधिकतम 2 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए 50,000 रुपये प्रति हेक्टेयर की अधिकतम लागत पर 40% की दर से सहायता प्रदान की जाती है और पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों, जनजातीय उपयोजना क्षेत्रों, अंडमान और निकोबार और लक्षद्वीप द्वीप समूह के मामले में, सहायता अधिकतम लागत की 50% है। वाइब्रेंट विलेजस के मामले में अधिकतम लागत का 80% सहायता प्रदान की जाती है।

(ग): पिछले पांच वर्षों के दौरान बिहार राज्य में हरी सब्जियों के उत्पादन को बढ़ावा देने सहित बागवानी के समग्र विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को चलाने के लिए एमआईडीएच के तहत बिहार राज्य को जारी की गई फंड का विवरण निम्नानुसार है:

(रूपए करोड़ में)

वर्ष	जारी की गई फंड (भारत सरकार का हिस्सा)
2019-20	15.15
2020-21	15.87
2021-22	9.60
2022-23	15.00
2023-24	14.06

'बिहार में हरी सब्जी का उत्पादन' के संबंध में 25 मार्च, 2025 को उत्तर के लिए निर्धारित लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4072 के भाग (क) से संलग्न विवरण

अनुबंध

वर्ष **2014-15** और **2024-25** (प्रथम अग्रिम अनुमान) में बिहार में सब्जियों का फसल-वार उत्पादन

(उत्पादन '000 मीट्रिक टन में)

फसल	2014-15	2024-25 (प्रथम अग्रिम अनुमान)
बीन्स	109.30	231.42
करेला	67.25	93.44
लौकी	631.54	663.91
बैंगन	1141.57	1127.00
गोभी	695.33	799.15
गाजर	53.45	151.33
फूलगोभी	1003.55	1256.40
मिर्च (हरा)	418.33	490.81
खीरा	67.04	41.62
एलिफेंट फूट यम	36.16	58.33
मशरूम	0.06	42.52
भिंडी/भिंडी	762.90	874.91
प्याज	1247.31	1290.01
परवल/पोइंटेड गॉड	69.72	111.08
मटर	65.85	68.28
आलू	6345.56	8842.63
मूली	246.55	236.43
पम्पकीन/सीताफल/कद्दू	12.65	19.01
शकरकंद	8.34	44.77
टमाटर	1046.44	1193.43
अन्य सब्जियाँ	395.56	350.91
सब्जियाँ (कुल)	**14424.45**	**17987.39**

स्रोत: बागवानी सांख्यिकी इकाई, डीएएंडएफडब्ल्यू

*****